Regarding atrocities on Hindus in Bangladesh

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मेरा विषय भी यही था कि बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के जो पुजारी हैं, उनको गिरफ्तार किया गया है ।

माननीय सभापति : आप श्रीमती हेमामालिनी जी के साथ एसोसिएट कर लीजिए । उन्होंने विस्तार से काफी बातें कह दी हैं ।

श्री अनिल फिरोजिया : सभापति महोदय, यह बहुत गंभीर विषय है । मैं भी विस्तार से नहीं बोलने वाला हूं । मैं केवल दो मिनट में ही अपनी बात खत्म कर रहा हूं । आप भले ही घड़ी मिला लीजिए । ? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: इस विषय पर सरकार को जवाब देना चाहिए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैंने अनिल फिरोजिया जी का नाम लिया है । आप बैठ जाइए ।

जावेद साहब, कृपया आप बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : गौरव गोगोई जी, आप उपनेता हैं । आप बैठ जाइए ।

अनिल फिरोजिया जी ।

? (व्यवधान)

श्री अनिल फिरोजिया : सभापति महोदय, वहां पर वकीलों के साथ भी मारपीट हुई है । वे अस्पतालों में घायल हैं । मेरा आपसे यह निवेदन है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी वहां हस्तक्षेप करके इस्कॉन मंदिर के जो पुजारी हैं, उनको वहां से रिलीज करवाएं । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।